SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: It is for you to consider whether, when a Member puts some questions and they had been permitted by the Chair, those questions could be shrugged off contemptuously or, may I say, arrogantly by the Minister? The point is that when we put any question the hon. Minister who comes to reply here should equip himself with all the facts.... (*Interruptions*).

MR. SPEAKER: He can give information so far as firing at Bulsar station was concerned. I am not allowing any further interruptions or any more points of order on this, from this side or that side. Shri Limaye may now ask his question. So far as the questions relating to his department are concerned, information can be asked from the Home Minister; in respect of other Ministers, you can give notice and get information from them. You can address a ques-

tion to the Ministry concerned if you want any other information.

SHRI UMA SHANKAR DIKSHIT: The hon. Member, Mr. Bosu, did not put this question. After I had replied and sat down, he stood up again and asked some questions. Our friends forget this. If you want to know from which parts of the country people came by trains, how many trains were run, etc. I have no information. You can put a separate question to the Railway Minister or to me; I can give that information.

MR. SPEAKER: So much information which was asked for in this motion about firing in Bulsar he has given. For anything beyond that, you can address a separate question. I cannot ask him to give information of which to had no notice and about which he is not prepared.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: Kindly ask him to collect the information and send it to the members later.

MR. SPEAKER: I have already said that if anything, beyond that is required, hon. Members should send specific questions. Shri Limaye.

श्री मधु लिमये : 9 अगस्त की रैली के बारे में इन लोगो का यह दावा रहा है कि उस में बहुत ज्यादा भीड थी। कुछ लोगों ने यह भी कहा है कि उस में तीन लाख लोग आए थे.....

श्री के० पी० उन्नीकृष्णन (बडागरा): फाइव लैक्स

श्री कृष्ण चन्द्र पांडे (खेलालाबाद): पांच लाख।

श्री मधु लिमये : बहुत अच्छा पांच लाख। दीक्षित जी ने कहा है कि यह सब कांग्रेसी नहीं थे इन में कुछ गुंडे भी घुसे थे। मेरा पहला प्रश्न यह है कि क्या इन पांच लाख लोगों में से चार लाख नब्बे हजार गुंडे, समाजद्रोही, स्मगलर आदि लोग थे? मैं दीक्षित जी के प्रश्न के आधार पर पूछ रहा हूं ....

श्री कृष्ण चन्द्र पांडे : मेरा क्वाइंट आफ आर्डर है।

श्री मधु लिमये : आपने पांच लाख कहा और मैंने मान लिया दीक्षितजी के प्रश्न के आधार पर मैं प्रश्न पूछ रहा हूं अगर ये सब कांग्रेसी नही थे (इंटर शंन)

अध्यक्ष महोदय : कही आप लोगों के दिमाग में यह तो नहीं आ गया है कि यह पार्लियमेंट नहीं है।

श्री मधु लिमये : दीक्षित जी ने दो बाते अपने वक्तव्य मे स्वीकार की हैं। एक तो उन्होने यह कहा है कि सब कांग्रेसी नहीं थे और इनफिलट्रेटर भी आ गए थे। मैं पूछ रहा हूं कि क्या चार लाख नब्बे हजार उन में गुंडे, समाजद्रोही, स्मगलर, आदि इनफिलट्रेट कर गए थे?

इसी के साथ जुडा हुआ दूसरा सवाल है। इनकी बड़ी सदिच्छा है लेकिन उसके बावजूद, इनकी निगरानी के बावजूद भी क्या यह सही नही है कि अधिकांश जगहों मे इंदिरा ब्रिगेड और यूथ कांग्रेस में गुण्डे इनफिल्ट्रेट कर गए हैं और इन पर वे कब्जा किए हुए हैं?

यह प्रश्न बलसर के बारे में पूछा गया था। स्वयं दीक्षित जी ने इसको व्यापक बनाया, इसके स्कोप को वाइडन किया है। उन्होंने कहा है

"It has been brought to Government's notice that there had been other incidents involving commission of offences at a few other railway stations. Government intend to consult the concerned State Governments, whether they would agree to entrust the investigation of these criminal cases to a common agency which, in the circumstances of these cases, can only be the C.B.I."

इसके बारे में मैं पूछना चाहता हूं । यह जो जांच होगी क्या इस जांच में सभी पहलुओं पर विचार होगा जैसे आज ही सवेरे मुझे जोधपुर से सवेरे टैलीफोन पर समाचार मिला है कि राजस्थान से जो लोग आए थे, मैं यूथ कांग्रेस की बात नहीं कर रहा हूं, जो 4 लाख 50 हजार गुण्डे घुस गए थे उन की बात कर रहा हूं, ये जो इन्फिल्ट्रेटस थे क्या उन्होंने कई बसों का इस्तेमाल कर के राजस्थान, पंजाब, हरयाना, उत्तर प्रदेश से राजधानी में आने का काम किया और जिन बस वालों ने इन को चढ़ाने का और ढोने का काम किया क्या यह बात सही है कि उन को स्पेशल परमिट दे कर टायर आदि दिए गए थे.... (व्यवधान) .. यह आप ने नहीं किया, आप बड़े शालीन और अच्छे लोग हैं । लेकिन कुछ जो गलती से गुण्डे घुस गए थे मैं उन्हीं की चर्चा कर रहा हूं । मैं यूथ कांग्रेस की लीडरशिप के बारे में, नेतृत्व के बारे में, एक भी बात नहीं कह रहा हूं, मैं इन्फिल्ट्रेटर्स की बात कर रहा हूं । ये जो इन्फिल्ट्रेटर्स इतनी बड़ी तादाद में बसों में चढ़ कर आए क्या इन को लाने वाले ट्रांसपोर्ट आपरेटर्स को गैर-कानूनी तरीके से टायर के लाइसेंस दिए गए थे ? साथ-साथ इस की भी जांच होनी चाहिए, अगर वे सी बी आई के जांच करा रहे हैं, कि कितने लोगों ने टिकटलेस ट्रैवेल किया ?... (व्यवधान)... क्या टिकटलेस ट्रैवेल बड़े पैमाने पर हुआ ? क्या बसों का इस कदर दुरुपयोग हुआ ? क्या रास्ते में सभी स्टेशनों पर स्टालों को लूटने का काम हुआ ? क्या साथ-साथ रेल कर्मचारियों को जिन्होंने हिमाकत की गुण्डों से टिकट मांगने की, उनको भी पीटा गया जैसे रतनगढ़ में ? वैसे भी केसेज राजस्थान में हुए हैं ? जहां कर्मचारियों को पीटा गया है ?

सी बी आई की रपट आने के बाद क्या सरकार इस पार्लियामेंट की एक कमेटी के द्वारा इस मामले पर अन्तिम जांच कराने के लिए तैयार हो जायेगी ? क्यों कि सी बी आई के द्वारा केवल तथ्य आएंगे, उन का मूल्यांकन करना, असेसमेंट करना, वैल्यूएशन करना सी बी आई का काम नहीं है । तो क्या वे सारी जानकारी जो आएगी वह आप उस पार्लियामेंट्री कमेटी को दे देंगे और क्या पार्लियामेंट्री कमेटी का जो निर्णय होगा, दीक्षित जी उस कमेटी के निर्णय के सामने झुकने के लिए तैयार होंगे ?

श्री उमा शंकर दीक्षित माननीय सदस्य श्री मधु लिमये ने कई व्यापक प्रश्न पूछे हैं । कुछ तो उन्होंने इस अवसर का उपयोग किया है, मैं तो कहूंगा कि दुरुपयोग किया है कुछ छींटे उछालने के लिये यूथ कांग्रेस पर और कांग्रेस जनों पर । मैंने जब यह कहा कि कुछ आदमी इस में घुस आए थे तो आप कहते हैं कि पांच लाख में—पहले तो मैंने ही नहीं कहा कि 5 लाख आए थे .. (व्यवधान) ....

श्री मधु लिमये इन्होंने कहा । मैं तो कम कह रहा था, इन लोगों ने कहा 5 लाख । ..(व्यवधान)....

श्री उमाशंकर दीक्षित : मैं यह पूछ रहा हूं, संसदीय प्रथा में कोई ऐसा भी नियम है कि कोई कहे कि थोड़े आदमी आए तो इस का मतलब 90 प्रतिशत हो गए वह थोड़े न ?

Your question should have some relation to the facts.

श्री मधु लिमये : बड़े पैमाने पर आए वह आपने कहा है ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: आप बताइए कितने थे ? उन के आंकड़े गलत

हैं तो आप सही आकडे दे दीजिए कि कितने गुण्डे थे ?

श्री उमा शंकर दीक्षित : देखिये, अगर आप गुण्डे कहना शुरू कर देंगे तो गुण्डे का जवाब तो गुण्डे ही होता है। यह तो बात आप को नहीं कहनी चाहिए। . . (व्यवधान) अगर आप कहते हैं कि कांग्रेस मैन गुण्डे हैं तो मैं कहूंगा कि दूसरे भी गुण्डे हैं .... (व्यवधान) अपने मित्र वाजपेयी जी से मैं इस तरह की भाषा की आशा नहीं रखता हूं। जो प्रतिभा है देश में उस प्रतिभा को उन्हें बिगाडना नहीं चाहिए।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, बड़ा ताज्जुब है, मैंने नहीं कहा कि कांग्रेस मैन गुण्डे हैं।

श्री उमा शंकर दीक्षित : आप ने कहा गुण्डे हैं।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : आप उन का जवाब देते हुए कह रहे थे कि पांच लाख में से इतने नहीं थोडे से थे, तो मैंने कहा कि आप बता दीजिए कि कितने थे।

श्री उमाशंकर दीक्षित : हम ने तो गुण्डे की बात नहीं कही।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : आप ने इन्फिल्ट्रेटर्स की बात कही।

श्री उमाशंकर दीक्षित : जी हां।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : तो क्या इन्फिल्ट्रेटर्स भले आदमी थे ?

श्री उमाशंकर दीक्षित : भले नहीं थे. . (व्यवधान).. ऐसे लोग थे जो खाने पीने पर झगड़ा करते हैं।

तो माननीय सदस्य ने यह प्रश्न कोई बात जानने के लिए नहीं किया है। बाकी तो जब जांच होगी तो किस ने क्या खराबी की है उस का पता लग जायेगा। लेकिन जांच से पहले आप हम से पूछिए कि किस ने कितने आदमी अच्छे थे, कितनों ने अच्छा किया, कितनों ने बुरा किया तो यह बताना मेरे लिए सम्भव नहीं है और उचित भी नहीं है जांच के अवसर पर।

उन्होंने इन्दिरा ब्रिगेड और नेहरू ब्रिगेट की चर्चा की। अब बताइए कि इस का प्रश्न से क्या सम्बन्ध है ? (व्यवधान) वे बताएं कि बलसार में रेलवे स्टेशन पर जो घटना हुई उस से नेहरू ब्रिगेड और इन्दिरा ब्रिगेड का सम्बन्ध कहां से जोडते हैं ? ऐसी लम्बी कल्पना की दौड लगाई कि यहां से वहां तक दौड गए। श्रीमन, मैं आप से कहता हूं, यह कहा गया कि प्रश्न सन्दर्भ में है या नहीं है यह आप निश्चय करें, तो मैं आप से ही प्रार्थना करता हूं कि इस का प्रस्ताव से सम्बन्ध क्या है ?

श्री मधु लिमये : मैंने यह पूछा कि यूथ कांग्रेस में और इन्दिरा ब्रिगेड में इन की सद-इच्छा के बावजूद कितने इन्फिल्ट्रेटर्स घुस गए। क्या दिल्ली रैली में ये नहीं आये थे ?

श्री उमा शंकर दीक्षित : इस का इस विषय से कोई सम्बन्ध नहीं है। यह मैं आप से आदरपूर्वक निवेदन करूंगा।

इन्होंने यह भी कहा है कि बसों में राजस्थान से कुछ लोग आए। हमें उस घटना का पता नहीं है क्योंकि हम ने जो रेल दिल्ली से गई बलसार हो कर उस के सम्बन्ध में पता किया है, जांच उसकी अभी होगी। हम जांच से भागते नहीं हैं। जांच कराएंगे, और कोई तथ्य ऐसा नहीं है, जो हमें मालूम हुआ हो और हमने सदन के सामने न रखा हो। लेकिन बसों के बारे में क्या हुआ, और राजस्थान में क्या हुआ ? उस को तो हम बताने में असमर्थ हैं और मैं

[श्री उमाशंकर दीक्षित]

यह मानता हूं कि इस सन्दर्भ में यह आता भी नहीं है ।

अन्त मे उन्होंने यह कहा कि पार्लियामेंट की कमेटी बननी चाहिए । इस विषय में अगर दल के हिसाब से विचार होना है तो आप कहते हैं कि कांग्रेस के लोग हैं, तो इतनी बड़ी चिन्ता आप को क्यों हो रही है ? और अगर यह है कि हाकर्स और पुलिस की ओर से आप ज्यादा चिन्तित हो रहे हैं तो उस की तो हम जाच करा ही रहे हैं । जगह जगह हम ने मुकदमे कायम किए हैं । उस सम्बन्ध मे उन को ज्यादा चिन्ता करने की जरूरत नही है । हम पूरी तरह से, मजबूती से जाच कराएंगे ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, अगर 9 अगस्त को आप यूथ रेली के सबंध मे मेरे कामरोको प्रस्ताव को पेश करने की इजाजत दे देते, चर्चा हो जाती तो तथ्य सदन के सामने आ जाते और शायद जो दुर्घटना बलसार मे हुई है उस को टाला जा सकता था और जो जान गई है उस को बचाया जा सकता था । 8 तारीख को जो प्रदर्शनकारी रैली मे भाग लेने के लिये आए उन्होंने अनेक स्थानो पर रेलवे स्टेशनो पर लूट मार की । . (व्यवधान) मेरे पास तार मौजूद है । भोपाल, विदिशा, गंजबासौदा बीना, झासी इन स्टेशनो पर खाना कम होने की वजह से या खाने का दाम देने से इंकार करने की वजह झगडे हुए, स्टाल लूटे गये । उस की खबरे समाचार पत्रो में छपी हैं, हम लोगो के पास तार आये हैं । रायो की घटना भी 8 तारीख की है । गृह मंत्री महोदय ने भी स्वीकार किया है कि कुछ घटनाएं हुई । अगर 8 तारीख को जब प्रदर्शनकारी दिल्ली आ रहे थे तब कुछ घटनाएँ हो चुकी थी तो क्या यह सच नही है कि सरकार को चेतावनी मिल चुकी थी कि लौटते समय कुछ घटनाये हो सकती हैं । फिर सरकार ने हर रेलवे स्टेशन पर पूरा इंतजाम क्यों नहीं किया ?

श्री रामसहाय पांडे (राजनन्दगांव) : प्रदर्शन तो यहां पर भी हुआ है. यहां पर भी खाना चाहिए था , पानी चाहिए था, क्या यहां पर कोई झगडा हुआ ?

अध्यक्ष महोदय : यह कैसी बात है, कभी कभी दिमाग बिलकुल भटक जाता है ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, गृह मंत्री जी ने कहा है कि वे अखबारो में छपे समाचारों को न सही कहते हैं और न गलत कहते हैं । लेकिन क्या वे समाचारो मे इस बात का भेद नही कर सकते —एक समाचार वे होते हैं जो संवाददाता भेजता है और दूसरे समाचार वे होते हैं जो राज्य के अधिकारी, पुलिस के अधिकारी, कलैक्टर, समाचार पत्रों के संवाददाताओं को देते हैं । बलसार की घटना के बारे में जो भी समाचार है, वे अधिकृत रूप से दिए गए हैं, जिन में कलैक्टर शामिल हैं, गुजरात राज्य के डी० आई० जी पुलिस शामिल हैं । क्या गृह मंत्री महोदय उनके बयानों पर विश्वास करने को तैयार नही हैं या उन अफसरों को अपने बयान बदलने के लिए मजबूर किया जाएगा । उन अफसरों के नाम से जो कुछ अखबारों में छपा है, उन अफसरो ने उस का खण्डन नही किया है । मुझे अफसोस है—मैं यह नही कहूंगा कि गृह मंत्री झूट बोलते हैं । मैं जानता हूं कि झूट एक असंसदीय शब्द है । लेकिन मुझे खेद है कि तथ्यों को छिपाया गया है ।

मेरे पास एक तार आया है—यह तार जिन सज्जन ने भेजा है वे पहले भारत सरकार की ओर से मोरिशश में हाई कमिश्नर थे । वे उसी गाडी से बम्बई जा रहे थे और बम्बई पहुंचने के बाद उन्होंने यह तार दिया है, कई अन्य

सदस्यों के पास भी यह तार आया है। मैं इसको पढ़ कर सुनाना चाहता हूं :—

"Small example fallout youth Congress rally. Yesterday Saturday over two hundred ticketless hoodlums slogan shouting waving party flags believed Youth Congress members invaded Bombay bound Frontier Mail New Delhi Station..." (*Interruptions*).

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, यह क्या हो रहा है ?

श्री कृष्ण चन्द्र पांडे : यह गलत तार है।

अध्यक्ष महोदय : आप जरा हर बात को सोच कर कहा करें, क्या यहां इस बात को कहने का कोई मौका है ? इन्होंने दो प्रश्न किए हैं—एक तो यह कि जो पत्रकार थे उन को ब्रीफ करने वाले वहां के आफिसर्ज थे। दूसरे—यह जो तार है, वह एक एक्स हाई-कमिश्नर का तार है जो उसी गाडी मे ट्रेविल कर रहे थे। ये उन के तार को पढ़ रहे है, इस मे क्या हर्ज है आप उन को पढ़ने दीजिए।

SHRI VAYALAR RAVI: It has already been contradicted by the President of the NSUI. It has come in the papers.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, इसमें आगे कहा गया है—

"Forcibly occupied all First Class Compartments. Train delayed over one hour. Conductor Guard threatend intimidated. But Police and station staff refused any assistance

"At Mathura Conductor Guard's telegram to railway authorities refused by station telegraph office.

"At various wayside stations police force present but had instructions not repeat not to touch members of the students party all without tickets.

"At Ratlam the whole party detrained defiantly walked out waving flags shouting slogans and entrained for Indore. No ticket checker dared ask any questions.

"Sending copies to other members."

अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने उन गाड़ियों के बारे में बतलाया जो गाडियां विशेष थीं लेकिन आप सब जानते हैं कि अन्य दलों को ऐसे प्रदर्शन आयोजित करने के लिए विशेष गाडियां नही दी जाती, यह सुविधा केवल यूथ-कांग्रेस की रैली को दी गई। बंगला देश के अवसर पर हम ने भी दिल्ली में एक बडी भारी रैली की थी, लाखों लोग उसमें इकट्ठे हुए थे, लेकिन हमें विशेष गाडियां नही दी गई। मैं जानना चाहता हूं कि इन के अतिरिक्त अन्य गाडियों में जो विशेष गाडिया नही थी, लाखो लोग बिना टिकट चले हैं क्या इनके बारे मे भी कोई जानकारी गृह मंत्री जी के पास है ?

तीसरा सवाल—इस गोली कांड के बारे में यूथ कांग्रेस की बम्बई शाखा ने यह आरोप लगाया है कि पुलिस ने रेल के डिब्बो में घुस कर गोली चलाई और जो व्यक्ति मारे गये वे डिब्बे के भीतर मारे गये। क्या मंत्री महोदय ने इस के बारे मे तथ्य एकत्र किए हैं ? पुलिस की गोली से जब कोई मारा जाय—यह तो सब के लिए दुख की बात है, लेकिन जिन्होंने गुजरात की पुलिस के अन्दर चलाने का शोक पैदा कर दिया है आज वे स्वय गोली चलाने की निन्दा कर रहे हैं—इस सदन मे खड़े होकर। मैं जानना चाहता हू—एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई और दूसरा गोली से घायल हो गया—क्या इसका अर्थ यह नही है कि प्रदर्शनकारी आक्रमण कर रहे थे? अगर हौकर्स लडाई में शामिल थे और हौकरो की मदद के लिए जनता आ गई तो भी गोली चली प्रदर्शनकारियों पर। कही ऐसा तो नही है कि गुजरात की पुलिस में भी कोई इन्फिलट्रेशन हो गया है, गुजरात के पुलिस वाले भी कांग्रेस वालो को निशाना बना बना कर मारने लगे।

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

अध्यक्ष महोदय, मैं जानना चाहता हूं कि मामले की मैजिस्ट्रियल एन्क्वायरी क्यों की गई जुडीशियल एन्क्वायरी क्यों नहीं की गई ? डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट वहां स्टेशन पर मौजूद थे, गोली चली तो उन के आदेश से चली तो उन के नीचे काम करने वाला मजिस्ट्रेट कैसे जांच कर सकता है ? जो मजिस्ट्रेट गोली चलाने के लिए जिम्मेवार है उस के साथी को जांच का काम सोपने से तथ्य कैसे सामने आ सकेंगे ?

अध्यक्ष महोदय, एक बात सुन कर आप को दुःख होगा—इस गोली काण्ड मे जिसकी मृत्यु हुई है, उस के परिवार को गुजरात के गवर्नर ने 5 हजार रुपये दिए हैं । मुझे रुपये देने के बारे मे कोई शिकायत नही है—लेकिन मैं जानना चाहता हू कि गुजरात मे रनमलपुर मे दो हरिजन मारे गये, उन की हत्या कर दी गई , उन्हे देने के लिए राज्यपाल के पास केवल एक हजार रुपया था । क्या इसमे भी कांग्रेसी और गैर-कांग्रेसी का भेद किया जायेगा । जो उपद्रव करते हुए पुलिस गोली से मारे गये उन के परिवार को 5 हजार रुपया दिया गया लेकिन जो अत्याचारो से पीडित हरिजन थे उन के परिवार के लिए वे केवल एक हजार रुपया दे सके .

SHRI VAYALAR RAVI: The same Governor imposed punitive punishment on the whole village.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष जी, हरिजनो के लिए इनके पास 5 हजार रुपया नहीं है । क्या इस सरकार मे जान की कीमत भी अलग-अलग है ?

गृह मत्री जी ने ठीक कहा है—कि इन में सब कांग्रेस वाले नही थे, मेरी भी यही जानकारी है । जब दो दिन यहा रैली हो रही थी और लोग यहां चले आये थे तो कानपुर में अपराध बिलकुल बन्द हो गए थे —यह कानपुर के जिला अफसरो ने पत्रकारों को बतलाया है कि दो दिन से अपराध बिलकुल कम हो गए हैं । जिला अफसरो ने यह नहीं कहा कि अपराध करने वाले दिल्ली चले गए हैं, लेकिन दिल्ली मे रैली का होना—और कानपुर में अपराधो का न होना अगर इन दोनो को जोड़ दिया जाय तो यह कौन सा नक्शा पेश करता है ?

अध्यक्ष महोदय, श्री दीक्षित जी सिर्फ गृह मत्री ही नही हैं, बल्कि सत्तारूढ़ दल के वरिष्ट नेता भी हैं—मैं उन से पूछना चाहता हू —आज जब देश सकट मे है, हर तरफ खर्चा कम करने की बात हो रही है तो इस रैली का उपयोग क्या था, यह रैली किन उद्देश्यो को पूरा करने के लिए की गयी थी । प्रधान मत्री जी इस समय यहा होती, तो उन को पता चलता कि चोर बाजारी और मुनाफाखोरी को रोकने के लिए दिल्ली मे जो भीड इकट्ठी की गई थी उसमे कैसे-कैसे हीरे, मोती और जवाहर आये थे ।

श्री उमा शंकर दीक्षित सबसे पहला सवाल माननीय सदस्य ने यह किया है कि 8 अगस्त को कुछ घटनाए हुई बताई जाती हैं, जब आपके पास उनकी सूचना थी तो आपने उस पर ध्यान देकर तैयारी क्यो नही की । जहां तक हमारा सवाल है, हमारे गृह मत्रालय का सवाल है, हमारे पास पहले दिन जब वहा से ट्रेन आई तो रास्ते मे कोई घटना हुई इस तरह की कोई सूचना नही आई । हमको कल सबसे पहले राज्य सभा की सदस्या श्रीमती सुशीला आदिवरेकर ने बताया कि उनको दो महिलाओ ने बम्बई से टेली-फोन करके बताया है कि इस तरह से हुआ था । लेकिन हमारे पास उसकी कोई सूचना नही थी वरना वास्तव मे केवल यही नही कि हम उस पर ध्यान देते, बल्कि उसका प्रबन्ध भी हो सकता था और यह घटना ही नही होती । लेकिन जिसकी हमारे पास कोई सूचना नही है उसके बारे मे पहले से तैयारी की बात नहीं कर सकते हैं ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी :: रेल मंत्रालय के पास सूचना होगी ।

श्री उमा शंकर दीक्षित : उसका मुझे पता नहीं है । हमारे पास तो रात को खबर आई और उसके बाद बराबर चीफ सेक्रेटरी से, पुलिस से सम्पर्क स्थापित किया, टेलीफोन किए और आज सुबह यहा आने के 1 घंटा पहले तक टेलीफोन किया । आप ऐसा समझते हैं जैसे कोई बहुत समय बीत गया हो, और हम समाचार इकट्ठा नही कर पाये, यह हमारे साथ अन्याय है । आपने श्रीमन्, कल कालिंग अटेन्शन स्वीकार किया, परसों रात को घटना हुई । जब आप ने आज्ञा दी तो जितने भी समाचार और सूचनायें हम ला सके वह लाकर पेश कर दी । इतने समय मे और अधिक मुख्य समाचार तथ्य के रूप में रख सकते यह सम्भव नही था, लेकिन आप हमे बतायें जो कमी हो वह आगे रख सकेंगे ।

जहा तक प्रेस का सम्बन्ध है, मैंने कहा है, उनको आपत्ति हो तो मैं नही जानता लेकिन कोई भी सज्जनपुरुष, कोई भी अनुभवी व्यक्ति यह मानकर नही चलेगा कि जो भी अखबार मे निकलता है सब ठीक होता है । कम से कम मुझे अपने बारे मे बहुत सी बातों का पता है और वाजपेयी जी को भी पता होगा । यदि अफसर अपना बयान निकाल दे तो हम उसको मान लेंगे चाहे जिस अखबार में भी वह निकले लेकिन अखबार वाले जो लिखते है अफसरों से मिलकर, कही न कही से पूछ कर लिखते है, परन्तु उसको किस तरह से लिखते हैं, कौन चीज आगे कौन चीज पीछे, किसको हाईलाइट करना है, किसको दबाना है—यह पक्ष की अपनी कला है जिसमें डावलीति भी होती है और पक्षकारिता भी होती है । चूंकि पक्षों में कुछ प्रकाशित हुआ है इसलिए उसको हम मान लें, सी मैं मानने के लिए तैयार नही हूं । कोई समाचार ऐसा प्रकाशित हो जिसमें गम्भीर आलोचना या आरोप लगाये गए हो तो उसके बारे में जो हमारे साधन हैं उनके जरिये से, हम सत्य का पता लगायेंगे और सत्य होगा तो स्वीकार करेंगे । अभी जांच नहीं हुई है । रात तक लोगों को दौड़ाया गया, जो अस्पताल में कुछ लोग मे उनके पास जाकर पूछा गया । मेरा निवेदन है कि चूंकि अफसर के नाम से समाचार दिया है इस लिए हम उसका जवाब दें—यह उचित नही है ।

दूसरी बात उन्होने कही कि तथ्यो को छिपाया गया और उसके समर्थन में एक तार पढ कर सुनाया । जिन्होंने तार भेजा है उनको जरूरी कुछ जानकारी होगी ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : वे खुद मौजूद थे गाड़ी मे ।

श्री उमा शंकर दिक्षित : किसी भी मामले मे केवल एक ही दर्शन नही होता है । कुछ प्रकृति का ऐसा नियम है, आप कहे तो कह दू कि भगवान का नियम है कि अगर पाच आदमी किसी एक घटना को देखेंगे तो उनको एक तरह से ही नहीं कहेंगे । (व्यवधान) मेरा तो यही अनुभव है । आप तो नेता है, आप घटना के बारे मे बयान दें तो उसमे मै अन्तर दिखा दूंगा । (व्यवधान) इसलिए मेरा मत है कि जबतक हम अपने साधनो से, जिनके ऊपर हम निर्भर करते हैं, उसकी पुष्टि न करा लें [हमनिश्चय पूर्वक कुछ नही कह सकेंगे । और न हमारे लिए कहना सम्भव ही होगा कि सच कहा या झूठ कहा है । यह बात जरूर है कि कोई जिम्मेदार आदमी कुछ कहेगा तो उसमें कुछ न कुछ तथ्य होगा लेकिन हम जाच करने के बाद ही कह सकते हैं कितना तथ्य है ।

आप ने कहा कि डिब्बे में घुसकर गोली चलाई गई लेकिन हमारे पास जो संवाद

श्री उमा शंकर दीक्षित

मालूम हैं उसके बारे में यह लिखा नहीं है बल्कि हम ने कहा भी कि अखबारों में जो कुछ निकला हो उसको पढ़ लो। आज सुबह हमने कहा, कल तो मालूम नहीं था। हम नहीं कह सकते लेकिन अगर किया हो तो यह अत्यन्त निन्दनीय कार्य है। किसी पुलिस वाले के किया होगा तो वह बच कर नहीं जा पायेगा—वह चाहे कांग्रेस वालों पर करे या दूसरों पर करे। हमने कभी भी पुलिस की ज्यादती को नहीं छिपाया है और कभी ऐसा करेंगे भी नहीं कि वह कोई ऐसी गलती करे और हम उसको छोड़ दें।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : गया में छिपाया।

श्री उमा शंकर दीक्षित : गया में—मुझे उत्तर नहीं देना चाहिए—लेकिन मैंने कहा था कि 8 मृत्यु हुई है लेकिन किसी ने कहा 17 किसी ने 100 और किसी ने 200। मैंने बार-बार कहा कि माननीय सदस्य मुझे लिख-कर बताये। एक माननीय सदस्य जिनका नाम मैं नहीं लूंगा, एक युवक नेता ने मुझ से कहा पटना में, उस युवक से गोपनीय रीति से जानना चाहते थे और आग्रह किया कि एक मृत्यु भी अधिक हुई हो, 8 के बजाय 9 हुई हो, तो बता दें उस युवक ने कहा, मैं कैसे बता दूं, मेरी जानकारी 8 की ही है। इस प्रकार, मैंने जो मुख्य घटनाएं कही थी उनको अभी तक किसी ने काटा नहीं है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : 8 की तादाद द कम है ?

श्री उमा शंकर दीक्षित : 100 और 17 से तो कम है। (व्यवधान)

दूसरे इन्होंने कहा कि डी० एम० वहां मौजूद था जब यह फायरिंग हुई। वास्तव में वहां डी० एम० पहुंचे हैं 11.50 मिनट पर और रेले पहुंची थी 11.20 मिनट पर 15-20 मिनट में सब घटना हुई। उनके सामने यह घटना नहीं हुई। उन्होंने एस० डी० एम० को फायरिंग की जांच के लिये नियुक्त किया कि उसमें कोई अनौचित्य हुआ या नहीं। हमने सिर्फ यह कहा है कि दूसरी घटनायें एक जगह पर नहीं हुई हैं। वेस्टर्न रेलवे जिन जगहों से गई है वहां घटनायें हो सकती हैं। वहां पर जहां कहीं घटनायें हुई होंगी वहां के तथ्य जानने के लिये हम वहां के मुख्य मंत्रियों की अनुमति से वहां के शासन से या जो सम्बन्धित अधिकारी होंगे उनसे पता लगाकर यह करना चाहते है कि सी०बी० आई० देख ले तो तथ्य निकल आयेगा ? वरना एक राज्य वाले दूसरे राज्य का पता नहीं लगा सकते हैं। इसीलिए हमने सी०बी० आई० की बात कही है। आप कहते है कि जुडिशियल इंक्वारी करें लेकिन मैं इस सदन में दो दफा अपना मत दे चुका हूं और निवेदन कर चुका हूं कि उस में लम्बा टाइम लगता है, साल दो साल भी लग जाते है तब तक परिस्थितियां बदल जाती है याद भी नहीं रहता और मुकदमें भी नहीं चल सकते हैं। हमारी दिलचस्पी इस बात में है कि जिन्होंने गलती की है उनका पता लगाकर उन पर मुकदमा चलाया जाये अगर दोषी हो तो सजा दी जाये।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैंने कहा था कि जिनकी मृत्यु हो गई उन्हें 5 हजार रुपये दिये गए हैं लेकिन जो हरिजन मर गए उन्हें एक-एक हजार दिया गया— यह आपकी नीति है।

श्री उमा शंकर दीक्षित : मैं इसका पता लगाऊंगा। हमको इसमें अन्तर नहीं करना चाहिए। राज्य शासन-शासन अपने नियम रखते हैं लेकिन एक राज्य के दो प्रकार के नियम नहीं होने चाहिएं—इसको मैं स्वीकार करता हूं। जो आपने कहा है उसकी मैं जांच

करूंगा और गवर्नर महोदय से खुद बात करूंगा। गवर्नर महोदय ने मुझ से रात कहा थी कि उनको दो मृत्युओं की सूचना मिली है इसलिये उन्होंने कहा कि मैं इसको एनाउन्स करना चाहता हूं तो मैंने कहा आपको निश्चय हो तो अवश्य करिये। मुझे परम्परा का स्मरण नहीं था। इसके लिये मैं अवश्य बात करूंगा और मैं चाहता हूं इस विषय में दो प्र कार के नियम न हों।

SHRI VAYALAR RAVI: Sir, there were reports that tea was sold at Re. 1.

MR SPEAKER: This has taken double the time. I am not going to tolerate it. Please sit down.

13.35 hrs.

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS.

FORTY-FOURTH REPORT

SHRI G. G. SWELL (Autonomous Districts): I beg to present the Forty-Fourth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions.

13.36 hrs.

STATEMENT *RE*: AGREEMENT ON THE DELIMITATION OF CONTINENTAL SHELF BOUNDARY BETWEEN INDIA AND INDONESIA.

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SWARAN SINGH): An Agreement on the delimitation of the continental shelf boundary between India and Indonesia was signed at Jakarta on the 8th August, 1974, in course of my visit there in connection with the fifth annual meeting of the Foreign Ministers of the two countries.

A draft of the Agreement had been initialled in Delhi on the 7th February, 1974, at the end of the talks between the Delegations of experts and officials of the two countries.

The Agreement will come into force upon the exchange of Instruments of Ratification which will take place in Delhi shortly.

The Agreement constitutes an important landmark in relations between India and Indonesia who have an unbroken history of peace and friendship from time immemorial. It characterises furthermore the earnest desire and resolve of the two countries not merely to avoid any possible disputes in the future at sea but to extend the area of cooperation between them.

The boundary so far delineated extends for 48 nautical miles, joining four points which are equidistant from the outermost island belonging to either country, and constitutes the true median line. The distance between Great Nicobar (India) and Sumatra (Indonesia) is approximately 90 nautical miles.

With the signing of the Agreement with Indonesia each side can now proceed with its plans for developing the seabed resources on its side of the boundary line. It has also been agreed that where any geological structure or field of natural gas, petroleum or other mineral stretches across the boundary line, the two sides shall exchange information and reach agreement on exploitation and equitable sharing of benefits accruing from it.

This Agreement will contribute towards bringing India and Indonesia still closer together and towards the maintenance and promotion of the traditional ties of amity, friendship and cooperation between the two countries.

With your permission, Sir, I lay a copy of the Agreement on the Table of the House. A copy of the map which forms an annexure to the Agreement has also been placed in the Library. [*Placed in Library. See* No. LT-8198/74].